आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 05.09.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 से सम्मानित किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से 19 शिक्षकों को सम्मानित किया। कहा– शिक्षक पीढ़ियों को दिशा देने और राष्ट्र का भविष्य गढ़ने वाला मार्गदर्शक है।
- चमोली जिले में सिद्धपीठ कुरुड़ से मां नंदा देवी राजराजेश्वरी की बड़ी जात यात्रा आज से शुरू हुई।
- महिला क्रिकेट में, टी–20 एशिया कप के ग्रुप–ए के आखिरी मुकाबले में आज भारत का मुकाबला से पाकिस्तान से होगा।

शिक्षक दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जो समाज अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, वह सही मायनों में प्रगतिशील समाज होता है।

ज्ञान को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि शिक्षा लोगों को स्वतंत्र रूप से सोचने, सही फैसले लेने और देश की प्रगति में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

राष्ट्रपति ने उत्तराखंड सहित 27 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों से चुने गए 48 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान पौड़ी के राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुस्याखांद के प्रधानाध्यापक गबर सिंह बिष्ट को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्री बिष्ट की यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित लोक भवन में आयोजित शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार समारोह में वर्ष 2025 के लिए चयनित 19 शिक्षकों को सम्मानित किया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशे से जुड़ा व्यक्ति नहीं है, बल्कि वह पीढ़ियों को दिशा देने वाला और राष्ट्र का भविष्य गढ़ने वाला मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार भी देता है। साथ ही, उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इस बीच, प्रदेशभर में शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## अवैध निर्माण

देहरादून के विकासनगर क्षेत्र में प्रशासन ने मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 अवैध निर्माण ध्वस्त किए हैं। प्रशासन का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी, गौकशी और अवैध गतिविधियों से अर्जित धन से बनाई गई संपत्तियों के साथ ही अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जात यात्रा

चमोली जिले में सिद्धपीठ कुरुड़ से मां नंदा देवी राजराजेश्वरी की बड़ी जात यात्रा आज से शुरू हो गई है। अब से कुछ देर पहले ढोल–दमाऊं और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मां नंदा की डोली कैलाश के लिए रवाना हुई।
यात्रा के पहले दिन आज मां नंदा की डोली रात्रि विश्राम के लिए चरंग पहुंचेगी। इस दौरान भूमियाल और देवी पूजा का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन यात्रा करीब छह किलोमीटर का पैदल सफर तय करेगी।
इसके बाद यात्रा कल चरंग से कुंडबगड़ पहुंचेगी। सात सितंबर को मयकोट से धरगांव, सिरोखेसर और मंदिर नंदानगर होते हुए आगे बढ़ेगी। आठ सितंबर को यात्रा उस्तोली, सरपाणी और लौंखी पहुंचेगी। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर देवी पूजा, देवी जागरण और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। करीब 26 दिनों तक चलने वाली यह बड़ी जात यात्रा 30 सितंबर तक जारी रहेगी। इस दौरान मां नंदा की डोली करीब 296 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।
श्रद्धालु आशा देवी का कहना है कि वे पिछले 12 वर्षों से इस यात्रा का इंतजार कर रही थीं। आज मां के दर्शन करने की उनकी मनोकामना पूरी हो गई है।
यात्रा को लेकर कुरुड़ और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## लघु रोजगार मेला

पौड़ी जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रीनगर में 10 सितंबर को लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 10 से 15 निजी कंपनियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इनके माध्यम से करीब 2 हजार रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक, बी.फार्मा, डी.फार्मा, एएनएम और जीएनएम शैक्षिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## विधानसभा चुनाव

उत्तराखंड क्रांति दल–यूकेडी ने आगामी विधानसभा चुनाव–2027 को लेकर चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नौगाँवखाल में यूकेडी नेता दिगमोहन नेगी की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। इस दौरान सौ से अधिक लोगों ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी ने इसे क्षेत्र में संगठन की बढ़ती सक्रियता का संकेत बताया।

इस मौके पर यूकेडी नेता दिगमोहन नेगी ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड गठन के 26 वर्षों में दोनों राष्ट्रीय दलों ने प्रदेश के हितों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा

कि जनता अब राष्ट्रीय दलों की नीतियों से परेशान है और क्षेत्रीय मुद्दों को प्राथमिकता देने वाली सरकार चाहती है।

## मौसम

और अब एक नजर आज के मौसम पर... प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। राजधानी देहरादून में आज सुबह बादल छाए रहे, जबकि दोपहर बाद से झमाझम बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने 11 सितंबर तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। कल देहरादून, बागेश्वर, पौड़ी, नैनीताल और चमोली जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थानों पर रहने और नदी–नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध 50 से अधिक सड़कों को खोलने का कार्य जारी है।

## टी–20 एशिया कप

महिला क्रिकेट में, टी–20 एशिया कप के ग्रुप–ए के आखिरी मुकाबले में आज भारत का मुकाबला से पाकिस्तान से होगा। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रात आठ बजे शुरू होगा। भारत ने थाईलैंड और हांगकांग को हराकर पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत अब पाकिस्तान को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगा।